राजेश खरे की व्यंग्य पुस्तक 'निन्यानवे के फेर में हिंदुस्तान' का विमोचन

वक्ताओं ने कहा- अच्छा व्यंग्य हंसाने के साथ सोचने पर भी मजबूर करता है



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वरिष्ठ व्यंग्यकार राजेश खरे 'अमृत' के व्यंग्य संग्रह 'निन्यानवे के फेर में हिंदुस्तान' का मंगलवार को शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में विमोचन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, पत्रकारिता और कला जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।

मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के चुनाव आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ व्यंग्यकार प्रियदर्शी खैरा ने की। वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव का विशिष्ट अतिथि के रूप में संदेश वाचन किया गया। इस अवसर पर विजी श्रीवास्तव, हरिओम तिवारी, अरुण अर्णव खरे, गिरीश थत्ते, दामोदर आर्य और अधिवक्ता राजेश व्यास सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि व्यंग्य साहित्य समाज की वास्तविकताओं और विसंगतियों को सामने लाने का सशक्त माध्यम है। इसमें हास्य के साथ गंभीर सामाजिक सरोकार भी होने चाहिए। प्रियदर्शी खैरा ने कहा कि व्यंग्य की ताकत उसकी सहज भाषा और कथ्य की धार में होती है। पुस्तक चर्चा के दौरान रोजमर्रा के जीवन, सामाजिक व्यवहार, राजनीतिक परिस्थितियों और आम आदमी के अनुभवों को व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत करने की शैली पर विचार रखे गए। वक्ताओं ने कहा कि सार्थक व्यंग्य पाठक को हंसाने के साथ विचार करने के लिए भी प्रेरित करता है।

रीवा सांसद किसानों से माफी मांगें : इरफान जाफरी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लोकतंत्र के सर्वोच्च सदन में किसानों के श्रम का उपहास उड़ाना दुर्भाग्यपूर्ण और जमीनी हकीकत से परे है। किसान के पसीने और मेहनत को किसी बयान से नकारा नहीं जा सकता। यह बात इरफान जाफरी ने कही। उन्होंने रीवा सांसद से देश और किसानों से माफी मांगने की मांग की।

जाफरी ने कहा कि खेती कोई तीन महीने का काम नहीं, बल्कि 12 महीने का अनवरत संघर्ष है। जेठ की तपती दुपहरी में खेत की जुताई से लेकर पूस की ठंडी रातों में सिंचाई करने और फसलों को कीट-रोगों व बेमौसम बारिश से बचाने तक किसान लगातार मेहनत करता है। उन्होंने कहा कि किसानों को ताश और नशे से जोड़ना करोड़ों मेहनतकश अन्नदाताओं का अपमान है। नीतियां बनाने वालों को खेतों की वास्तविक परिस्थितियों को समझने के लिए खुद खेती का अनुभव लेना चाहिए। किसान कर्ज, मौसम और बाजार की चुनौतियों से जूझकर देश की 140 करोड़ आबादी का पेट भरता है। जाफरी ने कहा कि किसी को भी किसानों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। देश किसान के पसीने और मेहनत से चलता है। किसानों के श्रम का सम्मान किया जाना चाहिए।

दीपावली और छठ पर यशवंतपुर-ऋषिकेश के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, भोपाल-बीना में ठहराव



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यशवंतपुर और योग नगरी ऋषिकेश के बीच एक-एक फेरे की एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के भोपाल और बीना स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

गाड़ी संख्या 06597 यशवंतपुर-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस स्पेशल 12 नवंबर को सुबह 7 बजे यशवंतपुर से रवाना होकर 14 नवंबर को सुबह 10:15 बजे ऋषिकेश पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 06598 ऋषिकेश-यशवंतपुर एक्सप्रेस स्पेशल 14 नवंबर को शाम 5:55 बजे रवाना होकर 16 नवंबर को शाम 7:45 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 13 नवंबर को भोपाल स्टेशन पर दोपहर 2 बजे पहुंचेगी और 2:10 बजे रवाना होगी। बीना में शाम 4:40 बजे पहुंचकर 4:45 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी में 15 नवंबर को बीना में सुबह 8:30 बजे और भोपाल में 10:30 बजे ठहराव रहेगा। ट्रेन के प्रमुख ठहरावों में नागपुर, भोपाल, बीना, झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मेरठ सिटी और हरिद्वार शामिल हैं।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग चौथे स्थान पर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि विभाग ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से महज 94 दिनों में 84 हजार 289 शिकायतों का निराकरण किया है।

सितंबर 2026 की विभागीय ग्रेडिंग में 87.33 वेटेज स्कोर के साथ विभाग को 'ए' ग्रेड मिला है। विभाग प्रदेश में सातवें स्थान से सुधार कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

30 जुलाई 2026 तक विभाग में 62 हजार 918 शिकायतें लंबित थीं। इसके बाद 3 नवंबर तक 52 हजार 229 नई शिकायतें प्राप्त हुईं। इस प्रकार कुल 1 लाख 15 हजार 147 शिकायतों में से 84 हजार 289 का निराकरण किया गया। यह कुल शिकायतों का लगभग 73 प्रतिशत है। विशेष अभियान के तहत 18 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सर्वाधिक शिकायतों का निराकरण कर विभाग राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला विभाग बना। सितंबर की जिलेवार ग्रेडिंग में प्रदेश के 55 जिलों में से 54 को 'ए' ग्रेड मिला। रायसेन 97.43 वेटेज स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहा।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत भी विभाग ने 1 अप्रैल से 2 नवंबर तक प्राप्त 862 आवेदनों में से 781 का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया। विभाग द्वारा लंबित शिकायतों के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से संबंधित शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गांधीसागर में देश की सबसे बड़ी पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना

नप्र, भोपालः नीमच जिले के गांधीसागर में ग्रीनको ग्रुप द्वारा 1920 मेगावाट क्षमता वाली देश की सबसे बड़ी स्वतंत्र पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना विकसित की जा रही है। इस पर 11,500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। परियोजना पूरी होने पर 1920 मेगावाट की क्षमता से लगातार छह घंटे बिजली उत्पादन किया जा सकेगा। परियोजना का निर्माण रामपुरा तहसील के खेमला ब्लॉक में करीब 414 हेक्टेयर भूमि पर किया जा रहा है।

इसमें गांधीसागर जलाशय के पानी का उपयोग चक्रीय रूप से किया जाएगा। अतिरिक्त सौर और पवन ऊर्जा से पानी को निचले जलाशय से ऊपरी जलाशय में पहुंचाया जाएगा। बिजली की अधिक मांग के समय पानी नीचे छोड़कर टरबाइन के माध्यम से बिजली पैदा की जाएगी। परियोजना में कुल नौ टरबाइन लगाए जा रहे हैं।

सिंहस्थ-28 से पहले उज्जैन में 132 केवी लाइन के पांच टावर होंगे शिफ्ट



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सिंहस्थ-2028 के दौरान उज्जैन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने पारेषण नेटवर्क को मजबूत करने की पहल की है। इसके तहत सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र से गुजरने वाली 132 केवी उज्जैन-रताड़िया ट्रांसमिशन लाइन के पांच टावरों को शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया गया है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र में करीब 1026 मीटर लंबाई और 686 मीटर चौड़ाई वाले हिस्से में ये पांच टावर स्थित हैं। यह क्षेत्र पानी में डूबा रहने के कारण टावरों के नियमित रखरखाव में कठिनाई होती है। लगातार जलमग्न रहने से उनकी मजबूती पर भी असर पड़ने की आशंका है। इसे देखते हुए टावरों को उपयुक्त वैकल्पिक स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। इससे रखरखाव आसान होगा और पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी।

मंत्री ने कहा कि सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। यह 132 केवी लाइन उज्जैन के 220 केवी सबस्टेशन शंकरपुरा को 132 केवी सबस्टेशन रताड़िया से जोड़ती है। रताड़िया सबस्टेशन सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थित है। इस महत्वपूर्ण लाइन का निर्माण 1992 में हुआ था, जबकि सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट 2013-14 में बनाया गया था।

राजधानी में आज बिजली कटौती

नप्र, भोपालः बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस कार्य के चलते गुरुवार को शहर के करीब 40 इलाकों में चार से छह घंटे तक बिजली कटौती की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में साकेत नगर, अलकापुरी, देवकी नगर, ईदगाह हिल्स, गौतम नगर, राजीव कॉलोनी और पन्ना नगर सहित अन्य इलाके शामिल हैं। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सीआई कॉलोनी, जहांगीराबाद बाजार, फक्करखाना, बापू कॉलोनी और साकेत नगर-अलकापुरी क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 2734/न.पा.नि./ राजस्व/2026-27 **रीवा, दिनांक 22/09/2026**

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक-8 इन्दिरा नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित ई0डब्लू0एस0 भवन क्रमांक 1/27/392, क्षेत्रफल 377.80 वर्गफिट श्री योगेश कुमार सिंह पिता श्री ओमप्रकाश सिंह निवासी सुभाष नगर मुगलसराय चंदौली (उ0प्र0) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उक्त भवन को श्री सूर्य प्रकाश त्रिवेदी पिता श्री गनपत त्रिवेदी निवासी इन्दिरा नगर रीवा (म0प्र0) के नाम नामान्तरण किये जाने हेतु दिनांक 24.06.2026 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त ई0डब्लू0एस0 भवन क्रमांक 1/27/392, के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक श्री योगेश कुमार सिंह पिता श्री ओमप्रकाश सिंह निवासी सुभाष नगर मुगलसराय चंदौली (उ0प्र0) के आवेदन अनुसार ई0डब्लू0एस0 भवन क्रमांक 1/27/392, का नामान्तरण श्री सूर्य प्रकाश त्रिवेदी पिता श्री गनपत त्रिवेदी निवासी इन्दिरा नगर रीवा (म0प्र0) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

AG

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल

नोटिस प्रकाशन हेतु उत्तराधिकार

एमजेसी एसयूसी / 161 / 2026
रघुवीर धाकड बनाम सर्वसाधारण
NEXT DATE: 16.12.2026

प्रेषिती-
सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रघुवीर धाकड़ पता वार्ड क्र. 1, हनुमान मंदिर, गांधी नगर भोपाल. म.प्र. ने मृतक स्व. श्री रामदास त्यागी S/o स्व. श्री दुर्गा प्रसाद पता वार्ड क्र. 1, हनुमान मंदिर, गांधी नगर भोपाल. म.प्र. 462036 के SBI शाखा गाँधी नगर भोपाल में सावधि जमा खाता के संबंध मे निष्पादित नोटरीकृत वसीयतनामा दिनांकित 13.04.2022, राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में दावा प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16.12.2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक **16.12.2026** को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 24.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश जयंत शर्मा
बारहवें जिला न्यायाधीश जिला भोपाल (म.प्र.)

3092

सूडोकु नवताल- 7957

मध्यम

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
			9				3	5
	6						7	
4	8				1		6	2
		7						3
			2	4			9	
			8			2		


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7956 का हल


2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2

काकुरो पहेली - 7630




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 7629 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9038



बाएँ से दाएँ

1. कंठ,गला-3
3. पक्षियों का शौर-4
5. शारीरिक ऊँचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार,प्रेम(अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा,तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य(अंग्रेजी-2)
22. कदली,एक फल-2
23. उपासना,शीश झुकाना-3
24. ज्ञानेन्द्रिय,नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

ऊपर से नीचे

1. मर्यादा,सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर,इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश,एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा,रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. नाट्य,कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

शब्द पहेली - 9037 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7469

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-२
४. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-४
६. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
८. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
१०. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की १९९३ की एक फिल्म-५
१३. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१४. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता की फिल्म-३
१६. शाहरूख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-३
१९. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-३
२१. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-१

फिल्म वर्ग पहेली- 7468

क्या	क	ह	ना		जं	ग		मि	
	सू		रा	जा	जी		हे	ल	न
अ	र	बा	ज		र	ह	मा	न	
भि		गी		अ		व			चा
मा	ला		दे	व		स	सु	रा	ल
न		डॉ		ता	ल		ह्म		बा
	जा	न	व	र		र	ग	बा	ज
दि	ल		र		गैं	ग		जी	
ल		अं	दा	ज			सं	ग	म
गी	त		न		कां	टे		र	

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7563

1			3		4	6
6	34		40	7	33	
3	1	5			2	
	22		34	5	34	4
		4	6		7	
4	30		30		33	
7		2	5	1		3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7562 का हल

7	6	5	1	4	3	2
1	33	2	28	5	30	6
4	5	3	6	2	1	7
2	36	4	33	6	23	1
5	6	7	4	1	2	3
6	36	6	33	3	31	4
3	2	1	4	7	6	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8583

ब	क	दो	यु	ला	प	ब	रे	ली	झ	क	
ज	ल	ल	प	आ	रिं	पू	ना	दि	शा	ऊ	
अं	इ	रा	म	सं	ग	ल	श	र	न	ल	
क	कु	दा	म	धा	ब	रा	प	ख	श	र	
क	ति	ब	न	पु	क	र	ल	ग	वी	इ	
ब	स्ती	ल	लि	व	र	र्त	ऐ	ढ़	प	ला	
ती	अ	ल	श	या	प	म	ग	कौ	ला	ह	
क	ली	अ	ब	त	क	म	प्प	न	श	बा	
क	ग	थो	तें	व	ज	ज	द	शा	जू	द	
द	ढ़	ल	प	आ	रं	र्त	ऐ	बें	प	रु	
थो	त	सा	बि	ज	नौ	र	जा	एं	प	क	

शब्द जाल में उत्तर प्रदेश के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

आगरा,अलीगढ़,इलाहबाद,आजमगढ़, बस्ती, बलिया, बलरामपुर, बरेली, बिजनौर, लखनऊ

शब्दजाल - 8582 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore